प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

"मुख्य समाचार"

- ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ में की भेंट– यू–के हिमाचल के संबंधों को मज़बूत करने पर की चर्चा।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा– नशे में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कर रही सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ते नशे पर अंकुश लगाने के लिए साझे प्रयासों की बताई ज़रूरत।
- प्रदेश में जनवरी व फरवरी माह में सामान्य से 80 फीसदी कम वर्षा दर्ज– 19 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना।

भेंट

ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूके की डिप्टी हाई कमीशनर कैरोलिन रौवेट और यूके सरकार के राजनीतिक, प्रेस और परियोजना सलाहकार राजेन्द्र एस. नागरोटी ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को यूके और हिमाचल के बीच चल रही और संभावित साझेदारियों के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि प्रौद्योगिकी, ग्रीन हाइड्रोजन, इलैक्ट्रिक वाहन, पर्यटन, डेयरी उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, डेटा भंडारण और जल संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी पर गहरी रूचि दिखाई। उन्होंने इस क्षेत्र में यूके की विशेषता का लाभ उठाकर पारस्परिक विकास और प्रगति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश से यूके को हल्दी निर्यात को लेकर विशेष चर्चा हुई, जिस पर मुख्यमंत्री ने गहरी रूचि दिखाई और इस व्यापारिक अवसर को सुलभ बनाने पर बल दिया। कैरोलिन रौवेट ने हिमाचल प्रदेश और यूके के निवेशों के बारे में बताया और कहा कि बैठक के दौरान कुल्लू में एक कृषि उद्योग और राज्य में भारतीय संचालित स्कौटिश डिस्टिलरी की स्थापना के बारे में चर्चा की गई।

शांडिल

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश में नशे की समस्या से और प्रभावी तरीके से निपटने के लिए राज्य सरकार आने वाले विधानसभा सत्र में हिमाचल प्रदेश नशा निरोधक अधिनियम लाने पर विचार कर रही है ताकि नशे से सम्बन्धित अपराधों को और कड़ाई से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में नशे को रोकने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठा रही है और राज्य पुलिस अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर नशे के अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के पांच साल के कार्यकाल में पीआईटी–एनडीपीएस एक्ट लंबित रहा, जबकि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही मात्र चार महीनों के भीतर इसकी अधिसूचना जारी कर दी और नशा माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू की। शांडिल ने कहा कि इस कानून के तहत अब तक प्रायोजक प्राधिकरण ने 81 मामले प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में अवैध रूप से अर्जित 16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

गई है। शांडिल ने कहा कि वर्ष 2024 में नारकोटिक ड्रग्स व मनोविकार नाशक पदार्थ अधिनियम के तहत 2 हज़ार 5 सौ 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है तथा ड्रग्स की तस्करी के नेटवर्क को खत्म करने के लिए प्रभावी पहल की गई है।

नरेश बंसल

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा है कि केंद्रीय बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म व वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का बजट है। आज धर्मशाला में भाजपा द्वारा आयोजित बजट संगोष्ठी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में उन्होंने ये बात कही। नरेश बंसल ने कहा कि देश के हर ज़िला में ऐसी गोष्ठियों के माध्यम से आम जनता को केंद्रीय बजट के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी तक ऐसी गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाजपा पदाधिकारी, मंत्री व सांसद लोगों को बजट के बारे जानकारी देंगे। नरेश बंसल ने कहा कि इस बार के केंद्रीय बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है और विभिन्न राजनीतिक दल देश को जातियों के आधार पर बांटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार 50 लाख करोड़ से अधिक का बजट पेश किया गया है। गोष्ठी में विकसित भारत के रोडमैप पर चर्चा की गई। इस दौरान सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार और कांगड़ा के विधायक पवन काजल भी मौजूद रहे।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में नशा तेजी से फैल रहा है, जिस पर समय रहते अंकुश लगाना बेहद ज़रूरी है। आज धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशे के कारण प्रदेश में हो रही मृत्यु का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, जिसे रोकने के लिए सांझे प्रयासों की ज़रूरत है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार को नशे के खिलाफ संजीदगी से काम करना चाहिए और विपक्ष सरकार का हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नशे में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार वर्तमान में हर मोर्चे पर विफल रही है

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना रहा। राज्य में इस बार जनवरी और फरवरी माह में औसम से कम वर्षा हुई है जिससे प्रदेश में सूखे जैसी स्थिति बन गई है। सर्दियों के मौसम में पहली जनवरी से 16 फरवरी तक प्रदेश में सामान्य से 80 फीसदी कम वर्षा व बर्फबारी दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार के मुताबिक 19 फरवरी से राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे प्रदेश के कई इलाकों में बारिश व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी देखने को मिलेगी।

कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल में कुप्रबंधन के अनेक मामले सामने आ रहे हैं, जिससे हिमाचल को विकास की दृष्टि से नुकसान हो रहा है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कचरे से ऊर्जा उत्पादन योजना के तहत हिमाचल प्रदेश से बायो गैस प्लांट स्थापित करने का केंद्र सरकार को कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। सुरेश कश्यप ने कहा कि इससे पहले प्रदेश सरकार का कहना था कि बायो गैस प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा

मंत्रालय को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार भाजपा पर लगातार बेबुनियाद आरोप लगा रही है जबकि केंद्र सरकार को किसी परियोजना के बारे में अवगत ही नहीं करवाया जाता और न डीपीआर भेजी जाती है। सुरेश कश्यप ने आरोप लगाया कि हिमाचल सरकार के सुस्त रवैये के कारण प्रदेश में अनेक विकास कार्य सकारात्मक गति नहीं पकड़ पा रहे हैं।

प्रतियोगिता

अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोतोलन प्रतियोगिता आज धर्मशाला में संपन्न हुई। समापन अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि और विधायक सुधीर शर्मा व पवन काजल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। प्रतियोगिता के ओवर ऑल परिणामों में एम.डी.यू. रोहतक को पहला, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ को दूसरा और पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला को तीसरा स्थान हासिल हुआ। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ में की भेंट– यू–के हिमाचल के संबंधों को मज़बूत करने पर की चर्चा।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा– नशे में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कर रही सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ते नशे पर अंकुश लगाने के लिए साझे प्रयासों की बताई ज़रूरत।
- प्रदेश में जनवरी व फरवरी माह में सामान्य से 80 फीसदी कम वर्षा दर्ज– 19 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना।

..............................................................................................................................................